शुभ लाभ DAILY हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

*ममता सरकार की मंशा हुई उजागर*

# बंगाल पुलिस ने एनआईए अफसरों के खिलाफ ही दर्ज किया केस

**कोलकाता, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल में पूर्वी मिदनापुर में एनआईए टीम पर हमले को लेकर राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का माहौल शुरू हो गया है। इस बीच गिरफ्तार टीएमसी नेता मोनोब्रता जाना की पत्नी की शिकायत पर एनआईए टीम और सीआरपीएफ अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल, टीएमसी नेता की पत्नी ने आरोप लगाया कि एनआईए अधिकारियों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने उनके सम्मान को




ठेस पहुंचाई है। भूपतिनगर थाने में आईपीसी की धारा 325,34, 354, 354(बी), 427, 448, 509 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एनआईए टीम साल 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने गई थी। इस दौरान एनआईए टीम दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अपने साथ कोलकाता ला रही थी, उसी दौरान एनआईए टीम पर हमला हुआ। ग्रामीणों ने एनआईए टीम के काफिले को घेर लिया और पथराव कर दिया। इस हमले में कई अधिकारी घायल हुए हैं। एनआईए टीम पर हमले को लेकर मामला दर्ज किया गया है। इस मामले को लेकर भाजपा टीएमसी सरकार पर हमलावर है। भाजपा का आरोप है कि ममता बनर्जी के शासनकाल में राज्य में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है और पुलिस की मिलीभगत से ये सब हो रहा है। इस घटना पर ममता बनर्जी ने प्रतिक्रिया देते हुए पूछा, एनआईए ने आधी रात में छापेमारी क्यों की? क्या उन्होंने पुलिस से इसकी इजाजत ली? स्थानीय लोगों ने वही किया, जो किसी अजनबी के उनकी जगह पर आने पर उन्हें करना चाहिए था। ममता ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वे (एनआईए) चुनाव से ठीक पहले लोगों को गिरफ्तार क्यों कर रहे हैं?

# केरल राष्ट्रविरोधी ताकतों का केंद्र : देवेंद्र फडणवीस

**तिरुवनंतपुरम, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** केरल में लोकसभा चुनाव के प्रचार के बीच महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने केरल को राष्ट्रविरोधी ताकतों का केंद्र बताया है। फडणवीस ने कहा कि केरल को सबसे आगे रहना चाहिए था और देश की तकनीकी और



आर्थिक क्रांति का नेतृत्व करना चाहिए था। लेकिन कुशासन के कारण राज्य पीछे की तरफ जा रहा है। फडणवीस ने विपक्षी पार्टियों पर आरोप लगाते हुए कहा, केरल राष्ट्रविरोधी ताकतों का केंद्र बन गया है। यहां की स्थानीय सरकारें केवल वोट बैंक के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतों को बचा रही हैं। मुझे लगता है कि अब केरल को आगे की तरफ लाने का समय आ गया है।

हाल में हुए कन्नूर बम विस्फोट के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा, यहां राजनीति का अपराधीकरण हमेशा से रहा है। अब चुनाव आयोग सक्रिय है तो ऐसे सभी प्रयासों का पर्दाफाश होगा। विवादों में घिरी फिल्म द केरल स्टोरी पर सवाल किए जाने पर फडणवीस ने कहा, जब फिल्म को सेंसर बोर्ड द्वारा सार्वजनिक रूप से देखने की मंजूरी मिल गई है तो किसी भी मंच पर उसके प्रसारण पर कोई रोक नहीं होगी।

प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार की विभिन्न परियोजनाओं की सराहना की। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार की परियोजनाओं के कारण इन 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। करीबन 20 करोड़ लोगों को पक्के घर मिले और 50 करोड़ लोगों को नल से पानी मिला है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार की सक्रियता के कारण बुनियादी ढांचे का बहुत विकास हुआ है। इसका अंदाजा राजमार्गों, वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत और हवाईअड्डों को देखकर लगाया जा सकता है।

फडणवीस ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक ऐसा चुनाव है, जहां सत्तारूढ़ सरकार को सत्ता विरोधी नहीं बल्कि सत्ता समर्थक लहर का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने केरल की जनता से केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर को वोट देकर जिताने की अपील की है। चंद्रशेखर तिरुवनंतपुरम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

# गजब : झारखंड में चूहे पी गए गांजा और खा गए भांग

## पुलिस ने अदालत को दी मामले की जानकारी

**धनबाद, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** झारखंड के धनबाद जिले के एक थाने में जब्त कर रखे गये 10 किलोग्राम भांग और नौ किलोग्राम गांजा को नष्ट करने का आरोप चूहों पर लगा है। संबंधित मामले से जुड़े एक वकील ने रविवार को बताया कि पुलिस ने मामले की जानकारी जिले की एक अदालत को दी। अदालत द्वारा राजगंज थाने के प्रभारी अधिकारी को छह साल पहले जब्त किए गए भांग और गांजा को पेश करने का निर्देश दिए जाने के बाद पुलिस ने शनिवार को



प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राम शर्मा को एक रिपोर्ट सौंपी।

अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चूहों ने थाने के मालखाने में रखे मादक पदार्थों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में थाने में मामला दर्ज किया गया था। राजगंज पुलिस ने 14 दिसंबर 2018 को 10 किलो भांग और नौ किलो गांजा जब्त करने के साथ शंभू प्रसाद अग्रवाल और उसके बेटे को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ थाने में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले के जांच अधिकारी जयप्रकाश प्रसाद को जब्त भांग और गांजा को छह अप्रैल को अदालत में पेश करने का आदेश दिया था।

# सेबी से क्लीन चिट के बाद कांग्रेस से अदाणी की आलोचना बंद करने को कहा था : गौरव वल्लभ

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने के बाद गौरव वल्लभ ने देश की सबसे पुरानी पार्टी (कांग्रेस) के खिलाफ अपने आरोपों को दोहराया। उन्होंने रविवार को कांग्रेस पर उद्योगपति गौतम अदाणी और देश के संपत्ति निर्माताओं के साथ विवाद का आरोप लगाया है। गौरव वल्लभ ने रविवार को एक साक्षात्कार में बताया कि उन्होंने कांग्रेस हाई कमान से उद्योगपति गौतम अदाणी की आलोचना बंद करने की अपील की थी। उन्होंने आगे बताया कि अमेरिका के हिंडनबर्ग द्वारा किए दावों में अदाणी को क्लीन चिट दे दी गई है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के पास दिन रात केवल अंबानी और अदाणी का ही मुद्दा रहता है। मैंने एकबार प्रेस कॉन्फ्रेंस में



अदाणी के खिलाफ संदर्भ दिए थे, लेकिन सेबी की तरफ से अदाणी को क्लीन चिट दिए जाने के बाद से ही मैंने उनके बारे में कोई भी टिप्पणी नहीं की। मैंने कांग्रेस नेताओं को भी सलाह दी कि सेबी द्वारा क्लीन चिट देने के बाद वे अदाणी की आलोचना करना बंद कर दें। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी को कई बार अंबानी और अदाणी की आलोचना करते हुए देखा गया है। उन्होंने देश के सबसे प्रसिद्ध उद्योगपति पर केंद्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुचित लाभ प्राप्त करने का भी आरोप लगाया है।

गौरव वल्लभ ने आगे बताया कि 22 जनवरी को आयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करने के बाद उन्होंने टीवी साक्षात्कार में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व नहीं करने का फैसला किया था। मीडिया से बात करते हुए गौरव वल्लभ ने कहा, जब से मैंने कांग्रेस से इस्तीफा दिया, तब से लगातार ही मैं यह कह रहा हूं कि मैंने अपने पूर्व वरिष्ठ नेताओं से बार-बार कहा कि सनातन धर्म के विरोध में हम चुप नहीं रह सकते हैं। जिस दिन कांग्रेस ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया, उस दिन से मैंने टेलीविजन शो और बहस में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व नहीं करने का फैसला किया था। वल्लभ ने कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम का बिना नाम लिए उनपर निशाना साधा। भाजपा नेता ने कहा कांग्रेस का घोषणापत्र 30 वर्षों से एक ही व्यक्ति (चिदंबरम) द्वारा तैयार किया जा रहा है। अगर उनकी (चिदंबरम) के विचारों और सुझावों में दम होता तो कांग्रेस 42 और 52 सीटों के बीच नहीं गिरती। गौरव वल्लभ ने आगे कहा कि कांग्रेस जमीनीस्तर के कार्यकर्ताओं के मुद्दों को नहीं समझती है। बता दें कि गौरव वल्लभ 2019 लोकसभा चुनाव में उदयपुर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़े थे, लेकिन भाजपा उम्मीदवार से 32,000 वोटों के अंतर से हार गए थे।

# माचिस न देने पर नाबालिग ने चाकू मारकर ले ली युवक की जान

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में महज माचिस देने से इनकार करने पर नाबालिग ने एक युवक की चाकू से वारकर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त अंशुल भाटी (21) के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दोनों नाबालिग आरोपियों को दबोच लिया है। मुख्य नाबालिग आरोपी की उम्र महज पंद्रह साल है।

छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि अंशुल अपने तीन अन्य दोस्त वरुण, देव और ऋतिक के साथ एक ऑटो में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इस बीच नाबालिग आरोपी अपने दोस्त के साथ वहां पहुंचा। उसने माचिस मांगा तो अंशुल ने मना कर दिया। अंशुल का अंदाज नाबालिग को शायद समझ नहीं आया। उसने चाकू निकालकर अंशुल पर हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी चला गया। चंद मिनटों बाद आरोपी दोबारा मौके पर पहुंचा और अंशुल को और चाकू मारने लगा तो दोस्तों ने उससे मिन्नतें कर वापस भेजा। अंशुल को अरुणा आसफ अली अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने वरुण के बयान पर हत्या का मामला दर्ज देर रात को ही छापेमारी की। बाद में इंस्पेक्टर पंकज तोमर व अन्यों की टीम ने नाबालिगों को सिग्नेचर ब्रिज के पास से दबोच लिया। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया। पुलिस दोनों नाबालिगों से बातचीत कर मामले की छानबीन कर रही है।

*एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर साधा निशाना, कहा*

# बाल ठाकरे की विचारधारा से किया जा रहा था समझौता, इसलिए की बगावत

**नागपुर, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को एक बार शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख पर निशाना साधा।

नागपुर के रामटेक में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते शिंदे ने कहा कि उन्होंने इसलिए बगावत की थी क्योंकि उद्धव ठाकरे ने शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की विचार छोड़ दिया था। शिंदे ने कहा कि वह मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते थे लेकिन बाल ठाकरे की विचारधारा से समझौता होते देख उन्हें बगावत करनी पड़ी। शिंदे जून 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी से अलग हो गए थे



और उन्होंने भाजपा के समर्थन से सरकार बनाई। मुख्यमंत्री ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख पर तंज कसते हुए कहा, बाला साहेब ठाकरे हमें (पार्टी पदाधिकारियों को) मित्र समझते थे, लेकिन घर का सहयोगी भी समझते थे। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी तब बढ़ती है जब नेता घर पर बैठने के बजाय जमीनी कार्यकर्ताओं तक पहुंचते हैं।

उन्होंने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन को वोट देने की अपील की। शिंदे ने कहा, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का विकास का कोई एजेंडा या इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल दलों के बीच सीट बंटवारे पर फैसला दो-तीन दिनों में पूरा हो जाएगा। महायुति विदर्भ में सभी सीट पर जीत दर्ज करेगी।

शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के बयान पर पलटवार करते हुए शिंदे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सहयोगियों को चार से पांच सीट दीं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके बेटे को कल्याण से फिर से नामांकित किया जाए। शिंदे ने कहा कि इस तरह की आलोचना के साथ आने वालों को एमवीए के झगड़े को देखना चाहिए।

## मारपीट मामले के बाद गुजरात विश्वविद्यालय का बड़ा फैसला

# सात विदेशी छात्रों को हॉस्टल खाली करने का निर्देश

**अहमदाबाद, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहने वाले कुछ विदेशी छात्रों पर हाल ही में नमाज अदा करने को लेकर हमला किया गया था। इस घटना के कुछ सप्ताह बाद अफगानिस्तान के छह छात्रों और पूर्वी अफ्रीका के एक छात्र को छात्रावास के कमरों को खाली करने के लिए कहा गया है। 16 मार्च के हमले के कुछ दिनों बाद एक अफगान और गैम्बियन प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय का दौरा किया था और सुरक्षा उपायों पर कुलपति के साथ बैठक की थी।

विश्वविद्यालय की कुलपति नीरजा गुप्ता ने कहा कि अफगानिस्तान के छह छात्रों और पूर्वी अफ्रीका के एक छात्र को निर्धारित अवधि से अधिक समय रहते हो गया। इसलिए इन लोगों छात्रावास के कमरे खाली करने के लिए कहा गया। इन लोगों ने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली थी। हालांकि कुछ प्रशासनिक कार्य में देरी होने के कारण यह लोग पूर्व छात्रों के रूप में छात्रावास में रह रहे थे। गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय ने सुनिश्चित किया है कि उन्हें अब छात्रावास में रहने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही इन लोगों के अपने-अपने देशों में लौटने की व्यवस्था की है।

कुलपति ने कहा, 'हमने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर ली है और वे अब सुरक्षित रूप से अपने देश लौट सकते हैं। हम अपने छात्रावास में किसी भी पूर्व छात्र को नहीं रखना चाहते हैं।

# हरियाणा के किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट मामले के तार नेपाल-कंबोडिया से जुड़े

**चंडीगढ़, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** हरियाणा के किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट केस में बड़ा खुलासा हुआ है। राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को इस केस के तार नेपाल-कंबोडिया से जुड़े होने के सबूत मिले हैं।

सूत्रों का कहना है कि एसीबी को वहां के लोगों के डॉक्यूमेंट मिले हैं। वहीं किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का मास्टरमाइंड मोहम्मद मुर्तुजा अंसारी अभी भी फरार है। एसीबी को शक है कि वह हरियाणा में ही कही छिपा है। अभी तक की जांच से पता चला कि अंसारी इस पूरे खेल में झारखंड के रांची में जुड़ा था। जहां उसने किडनी प्रत्यारोपण के




अवैध व्यापार में जाने से पहले दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इंटरप्रेटर के रूप में अपना करियर शुरू किया था। राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा तीन लोगों की गिरफ्तारी के बाद इस रैकेट का खुलासा हुआ है।

पकड़े गए लोगों में फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल और ईएचसीसी अस्पताल के अंग प्रत्यारोपण समन्वयकों के साथ-साथ जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के एक अधिकारी भी शामिल थे। इन सभी पर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के लिए रिश्वत लेने का संदेह था। उनकी गिरफ्तारी के बाद, गुरुग्राम पुलिस, सीएम फ्लाइंग स्काड और स्वास्थ्य विभाग के एक संयुक्त अभियान ने सेक्टर 39 में एक गेस्ट हाउस पर छापा मारा। उन्होंने पांच बांग्लादेशी नागरिकों की खोज की, जो किडनी के दाता और प्राप्तकर्ता थे, जिन्हें कथित तौर पर रैकेट के मास्टरमाइंड ने मदद की थी।

इस केस की जांच कर रहे एक एक सीनियर इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर ने बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि रैकेट का सरगना अवैध रूप से गरीब और कर्ज में डूबे लोगों को बांग्लादेश से गुरुग्राम ले जाता था, और जयपुर में किडनी प्रत्यारोपण की व्यवस्था करता था। अंसारी की राजस्थान के 10 और मुंबई के दो अस्पतालों के साथ कथित साठगांठ उसकी गिरफ्तारी के बाद ही स्पष्ट होगी।

गुरुग्राम पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत अपने बयान दर्ज करने के लिए दानदाताओं और प्राप्तकर्ताओं को अदालत के सामने पेश किया। हालांकि, ट्रांसलेटर की कमी के कारण, केवल दो बयान दर्ज किए गए क्योंकि दोनों व्यक्ति हिंदी में बातचीत कर रहे थे ।इस बीच, बाबिल पैलेस गेस्ट हाउस में पुलिस की एक टीम तैनात की गई है, जो बांग्लादेशी नागरिकों के मोबाइल फोन से आए संदेशों, कॉल और ईमेल की जांच कर रही है।

# रोहतांग सहित ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी अप्रैल महीने में पड़ रही जनवरी जैसी ठंड

**मनाली, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** मनाली व लाहौल में एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली है। अप्रैल महीने भी जनवरी जैसी ठंड पड़ रही है। हिमाचल के तमाम पहाड़ी क्षेत्र बर्फ से लकदक हो गए हैं। रोहतांग सहित शिंकुला, बारालाचा, कुंजम दर्रे सहित ऊंची चोटियों में ताजा हिमपात हुआ है। जबकि मैदानी इलाकों में हल्की बारिश हुई है, जिससे प्रदेश में एक बार फिर से शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है।

रविवार सुबह हल्की धूप निकली लेकिन 11 बजे के बाद घाटी में बादलों ने डेरा डाल दिया। पर्यटन नगरी मनाली में भी हल्की बारिश हुई। दोपहर बाद रोहतांग सहित हामटा, इंद्रकीला, हनुमान टिब्बा, मकरवेद व शिकरवेद, चंद्रखणी, दशोहर व भृगु लेक



सहित समस्त उंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे।

लाहौल की ओर लेडी ओफ केलंग, दारचा की पहाड़ियों, चन्द्रताल, चन्द्रभागा पीक, छोटा व बड़ा शीघ्रि ग्लेशियर में हिमपात हुआ। अप्रैल महीने में भी बर्फबारी का दौर जारी है। हालांकि शिंकुला दर्रे में हिमपात हो रहा है लेकिन जंस्कार घाटी की ओर वाहनों की आवाजाही फिलहाल सुचारु है।

बढ़ती गर्मी से परेशान मैदान इलाकों के लोग अब पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। राजधानी शिमला में भी काफी संख्या में सैलानी पहुंचे। खासकर सप्ताहांत पर शिमला में सैलानियों की काफी ज्यादा भीड़ उमड़ी। ऐसे में शिमला के पर्यटन कारोबारियों को काफी ज्यादा राहत मिली है। शनिवार और रविवार को शिमला में सैलानियों की खूब चहल पहल रही।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 08 अप्रैल, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमेटी की बैठक आयोजित



**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना की मैरेज डेटा कमेटी की वर्ष 2023-25 के कार्यकाल की 26वीं बैठक समाज के कार्यालय राघव रत्ना टॉवर, चिराग़अली कार्यालय में आयोजित की गई। कमेटी के चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल ने बताया कि बैठक में बालक एवं बालिकाओं के क़रीब 18 अभिभावक गण उपस्थित होकर नए बायोडेटा एवं उनके द्वारा दिए गये पहले के बायोडेटा के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। कमेटी द्वारा 2023-25 के इस कार्यकाल में पिछले 7 महीनों में 73 रिश्ते नक्की हुए। समाज की सभी शाखाओं के सदस्यों से आग्रह है कि समाज द्वारा जो निःशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है उसका पूर्ण रूप से लाभ प्राप्त करें विशेषकर महिला शाखाओं से आग्रह है वे इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें आपके सहयोग के बिना यह कार्य असंभव है । बैठक प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक नियमित समय पर हर रविवार को होगी सभी अग्रबंधुओं से इस सेवा का लाभ प्राप्त करने हेतु आग्रह है आगामी बैठक रविवार 14 अप्रैल को होगी ।

रविवार की बैठक के अतिरिक्त चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल के निवास बंजारा हिल्स में भी उनके फ़ोन नंबर 9396222880 से संपर्क कर अन्य दिन भी अग्रबन्धु इस सेवा का लाभ ले सकते हैं । आज की बैठक में चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल, कन्वेनर रमेश तुल्सियान, वाइस चेयरमेन सतीश कुमार अग्रवाल, दीनबंधु अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, अशोक दादरीवाला, सुनील कुमार मित्तल, पूर्व परामर्शदाता राम गोयल, पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य पवन गोयल एवं बालक बालिकाओं के अभिभावक गण आदि उपस्थित थे।




# नरसिंग दास आत्माराम बड़ागांव की पारिवारिक बैठक आयोजित



**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नरसिंग दास आत्माराम बड़ागांव वालों की पारिवारिक बैठक परिवार के वरिष्ठ सदस्य उषा अग्रवाल के निवास पर आयोजित की गई। परिवार के वरिष्ठ सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार के पितृ देवता सोनासर वाले बाबाजी का वार्षिक उत्सव 7 मई को अग्रसेन भवन में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रातः 9 बजे पूजा एवं हवन तथा रात्रि 8 बजे से भजन, आरती के पश्चात् प्रसाद का आयोजन रहेगा। इस कार्यक्रम हेतु ओम अग्रवाल को संयोजक मनोनीत किया गया।

परिवार द्वारा हर अमावस के दिन अन्नदान किया जाता है जिसके अंतर्गत सोमवती अमावस के दिन पैतृक गांव सोनासर तथा हैदराबाद में गोल्डन टेम्पल में अन्नदान किया जाएगा। परिवार के सभी सदस्यों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलता प्रदान करने हेतु आग्रह किया गया। पैतृक गाँव सोनासर में बाबाजी के मंदिर आदि का सुचारू रूप से व्यवस्थित करने हेतु चर्चा की गई।

बैठक में मुकुंद लाल अग्रवाल, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विष्णु गोपाल अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, ओम अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, अश्विन अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, उषा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, राखी अग्रवाल आदि उपस्थित थे ।

# प्रेरणा फाउंडेशन संस्था का नौका विहार कार्यक्रम सम्पन्न



**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रेरणा फाउंडेशन संस्था की अध्यक्ष पूजा गुप्ता ने बताया कि संस्था के सदस्यों के लिए नौका विहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्य तारा बोट लुंबिनी पार्क में जिसमें वुमन एंपावरमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही रंगारंग मनोरंजन कार्यक्रम रखे गए जिसके अंतर्गत फूलों की मस्ती के साथ डीजे एंड डांस गेम्स रैंप वॉक इत्यादि रहे।

कार्यक्रम में पूनम गर्ग मिसीस आंध्र तेलंगाना फर्स्ट रनर अप एवं चार्मिंग स्माइल के टाइटल से नवाजी गई मुख्य अतिथि के रूप में रही। कार्यक्रम में स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था भी रखी गई थी। बोट की मनोरंजक राइड में सबने बहुत आनंद उठाया।

रैंप वॉक में प्रथम पुरस्कार मृदुला एवं द्वितीय पुरस्कार सुनीता अग्रवाल ने प्राप्त किया। प्रेरणा फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं संस्थापिका पूजा गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

# अत्तापुर में पेयजल की किल्लत स्थानीय निवासी परेशान



**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अत्तापुर के भरत नगर में 15 दिनों से करीब 25 घरों में पीने का मंजीरा पानी नहीं आने से लोग परेशान हैं। इस समस्या बारे में संबंधित विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन इस समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया। लोगों को पीने की पानी की व्यवस्था करने के लिए दूर से पानी लाना पड़ रहा है। पेयजल समस्या से परेशान लोगों ने सरकार से संबंधित विभाग से पानी की व्यवस्था करवाए जाने की मांग की है।

# पचेरी अग्रवाल समिति का अन्नदान कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पचेरी अग्रवाल समिति द्वारा अन्नदान कार्यक्रम घांसी बाजार स्थित पी. सतनारायण भवन के सामने सुबह 10 बजे किया गया जिसमें 300 लोगों ने अन्नप्रसाद का लाभ लिया। इसके बाद मासिक सभा का आयोजन गोपाल अग्रवाल की अध्यक्षता में की गई। आने वाले मई माह में समिति की वार्षिक साधारण सभा का अयोजन किया जाएगा और जुलाई में समिति की ओर से सावन की सैर का आयोजन मथुरा वृंदावन में करने का निर्णय लिया गया। पचेरी अग्रवाल समिति के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अध्यक्ष गोपाल पचेरिया, कैलाशचंद पचेरिया, गोविंदराम पचेरिया, श्याम सांवरिया, बजरंगलाल पचेरिय, नवीन गुप्ता, गोवर्धन पचेरिया, नरेश सांवरिया, अशोक कुमार अग्रवाल, अरुण सिंघानिया हिमांशु आदि ने भाग लिया।

# हैदराबाद में सिपाही की संदिग्ध मौत



**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पुराने शहर हैदराबाद में रविवार को एक संदिग्ध बंदूक मिसफायर के बाद एक पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई। हुसैनी आलम पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत कबूतर खाना के पास ड्यूटी के दौरान बालेश्वर (52) मृत पाए गए। सिपाही की बंदूक से दो राउंड गोली चली। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह मिसफायर का मामला है या उसकी मौत आत्महत्या से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल भेज दिया। 1995 बैच का यह पुलिस कर्मचारी तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले के अचम्पेट का रहने वाला था। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।




# अग्रवाल हाई स्कूल फॉर बॉयस एंड गर्ल्स का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न



**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विद्यार्थियों की विभिन्न विधाओं में दर्शाई गई प्रतिभाओं को सम्मानित करने का एक माध्यम है पुरस्कार वितरण समारोह। अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित अग्रवाल हाई स्कूल फॉर बायस एण्ड गर्ल्स एवं माध्यम स्कूल में विद्यार्थियों की योग्यताओं को एवं उनकी उपलब्धियों की सरहाना करते हुए पुरस्कार स्वरूप उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप से देश वदना (वंदेमातरम गीत) व दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। हाई स्कूल की प्रधान अध्यापिका के. प्रमिला ने सभी उपस्थिति व्यक्तियों का अभिनंदन किया और स्वागत भाषण दिया।

उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं। उनके सुनहरे भविष्य की मंगल कामना की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया ने कहा है कि बच्चों में असीमित और अद्भुत प्रतिभाएँ होती हैं, जिनको निखारना एवं उनकी पहचान कर उन्हें पुरस्कृत करना विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं संस्था के लिए गर्व की बात है। इस प्रकार के आयोजन से योग्य विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। अकादमी निदेशिका डॉ. सरोज जैन ने कहा कि विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और आत्म विश्वास को दर्शाया है। जिन्हें पुरस्कार मिला वे बधाई के पात्र है जिन्हें नहीं मिला वे भी बधाई के पात्र है। विद्यार्थियों ने इन अवसर पर रंगरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समिति के अन्य शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं संयुक्त अकादमी निर्देशक डॉ. राजेश अग्रवाल, मुकुंदलाल अग्रवाल कॉरेस्पोंडेंट एसबी सिगनोड़िया कॉलेज पीजी, संजय कुमार संघी कॉरेस्पोंडेंट एसबीएचएस हिंदी मीडियम भी उपस्थित थे । उपप्रधानाचार्य एम. रेणुका ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।



# बीआरएस को एक और झटका, विधायक तेलम वेंकटराव कांग्रेस में शामिल

**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समित(बीआरएस) के एक विधायक पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गये। पार्टी सूत्रों ने के अनुसार आसन्न लोकसभा चुनाव के दौरान लगातार परेशानियों से जूझ रही बीआरएस को उस समय एक और बड़ा झटका लगा जब भद्राचलम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी विधायक तेलम वेंकटराव आधिकारिक तौर पर कांग्रेस में शामिल हो गए। वह दो बीआरएस विधायकों दानम नागेंद्र और कादियाम श्रीहरि के बाद कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के तीसरे विधायक हैं। वेंकट राव हाल के विधानसभा चुनावों में खम्मम जिले के भद्राचलम से चुने गए थे। जिले की 10 सीटों में से यह बीआरएस के कब्जे वाली एकमात्र सीट थी। बीआरएस के टिकट पर मैदान में उतरे वेंकट राव ने कांग्रेस के पोडेम को 5,719 वोटों से हराया।



राज्य में कांग्रेस पार्टी के हाथों सत्ता गंवाने के बाद से बीआरएस को मिले झटकों की श्रृंखला में यह नवीनतम है। इससे पहले पूर्व मंत्री डी. नागेंद्र और कादियाम श्रीहरि सत्तारूढ़ दल में शामिल हुए थे। जबकि हैदराबाद के खैरताबाद निर्वाचन क्षेत्र से विधायक नागेंद्र को सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया है, वारंगल जिले के स्टेशन घनपुर से विधायक श्रीहरि ने अपनी बेटी काव्या को वारंगल लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट का आश्वासन दिए जाने के बाद अपनी वफादारी बदल ली है।

काव्या को वारंगल से बीआरएस उम्मीदवार बनाया गया था, लेकिन वह चुनाव से बाहर हो गईं और अपने पिता के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं। 30 नवंबर, 2023 को हुए चुनावों में, कांग्रेस ने 119 सदस्यीय विधानसभा में 64 सीटें हासिल करके बीआरएस से सत्ता छीन ली। बीआरएस ने 39 सीटें जीतीं। नवीनतम दलबदल के साथ, इसकी ताकत घटकर 35 हो गई है क्योंकि सिकंदराबाद छावनी सीट से नवनिर्वाचित विधायक की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। पिछले 2-3 महीनों के दौरान बीआरएस ने अपने पांच मौजूदा सांसदों और कई अन्य नेताओं को कांग्रेस या भाजपा के हाथों खो दिया है। बीआरएस पहले ही नागेंदर और कादियाम श्रीहरि को अयोग्य ठहराने की मांग कर चुका है। इसमें दलबदल के मुद्दे पर कांग्रेस पर पाखंड का आरोप लगाया गया। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव ने तेलंगाना में दलबदल कराने के लिए सबसे पुरानी पार्टी की आलोचना की, जबकि आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपने घोषणापत्र में वादा किया कि किसी भी पार्टी में शामिल होने वाले किसी भी विधायक या सांसद को अयोग्य ठहराने के लिए कानून लाया जाएगा।

# तेलंगाना के कुछ इलाकों में अगले तीन दिनों में बारिश के आसार

**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तीन दिनों की भीषण गर्मी झेलने के बाद तेलंगाना में सोमवार से तापमान में कमी आने का अनुमान है, साथ ही अगले तीन दिनों में कुछ इलाकों में बारिश भी होगी। हालांकि भीषण तापमान जारी रह सकता है, लेकिन बारिश से लगातार भीषण गर्मी से अस्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) हैदराबाद के अनुसार, अगले दो दिनों में खम्मम, भद्राद्रि कोठागुडेम, सूर्यापेट और नलगोंडा में तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की कमी होने की उम्मीद है। इस बीच, वानापर्थी और जोगुलाम्बा गडवाल में अलग-अलग इलाकों में 8 अप्रैल को तीव्र स्थिति का अनुभव जारी रहने की संभावना है।



आईएमडी-हैदराबाद की एक विज्ञप्ति में कहा गया है की तेलंगाना के आदिलाबाद, कुमरमभीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निज़ामाबाद, जगित्याल, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, मेडक, कामारेड्डी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली और तेज़ हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटे) के साथ आंधी आने की संभावना है। हालांकि 9 और 10 अप्रैल के लिए कोई हीटवेव अलर्ट जारी नहीं किया गया है, लेकिन राज्य के उत्तरी हिस्सों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, हैदराबाद में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना नहीं है। हालांकि, राज्य के अन्य हिस्सों में बारिश के कारण शहर भर में तापमान में कमी आने की संभावना है। रविवार को हैदराबाद में तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अगले तीन दिनों में तापमान 36 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# अग्रवाल समाज गच्चीबावली व महिला विंग शाखा का होली मिलन संपन्न

**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज गच्चीबावली एवं महिला विंग शाखा के तत्वावधान में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन फॉर्चून टावर मधापुर के क्लब हाउस में किया गया। शाखा अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश अग्रवाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए नए सदस्यों का परिचय करवाया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश अग्रवाल द्वारा किया गया था उसमें अमित अग्रवाल और मीनू सुरेखा ने उनका भरपूर साथ दिया।



विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। बास्केट बॉल गेम नितिन व मीनू द्वारा किया गया जिसमें प्रथम स्थान अन्विता व तरुण तथा दूसरा स्थान मीतू और वीरेश को मिला। कोइन गेम अंजना टिंबरेवाल द्वारा खिलाया गया। जिसमें पहला व दूसरा स्थान क्रमशः अंकिता अग्रवाल एवं आनंदी अग्रवाल ने प्राप्त किया।

नृत्य प्रस्तुति मास्टर युगांश, रिशु जैन तृष्का एवं नव्या एवं रसना तथा सुरेश एवं कमलेश अग्रवाल द्वारा किया गया। जिसको सभी ने बहुत सराहा। गायन कमलेश, सुरेखा व विजय केडिया द्वारा किया गया जिसकी सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर अग्रवाल समाज तेलंगाना की सह मंत्री कंचन अग्रवालजी का विशेष अतिथि के रूप में उपहार देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर होली विशेष तंबोला का आयोजन किया गया जिसे वीरेश अजय संगी और गौरव गुप्ता ने बड़ा ही सफलता पूर्वक खिलवाया और अंत में सभी ने मिलकर फूलों की होली खेली। जिसका सभी अग्रवाल बंधुओ ने व बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में अमित-शिवानी, शालू गुप्ता, संतोष -संगीता, राजेंद्र बोहरा, सुरेश- कमलेश, कंचन -उमेश, अजय- कि रति, डॉ प्रमोद गर्ग , दीपक-अंकिता, शंकर लाल-आनंदी मनीष -प्रिया, दिनेश - अंजना, शालू- गौरव गुप्ता, वीरेश- मीतू, अरुण गुप्ता - मीनाक्षी, प्रीति-मनीष, एम आर सुरेखा प्रकाश -नेहा, विजय केडिया, रितु अग्रवाल,रिशू जैन, अदिति गर्ग- आशीष, अशोक अग्रवाल, तरुण -साक्षी, अरुण- प्रीति, संदीप संघी आदि ने भाग लिया। अंत में सह मंत्री गौरव गुप्ता ने सभी को धन्यवाद दिया।

# किशन रेड्डी ने राहुल को कांग्रेस के घोषणापत्र पर दी बहस की चुनौती

**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र पर बहस के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को चुनौती दी है। श्री रेड्डी ने रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री गांधी के दावों की आलोचना की और दावा किया कि श्री गांधी ऐसे बोलते हैं जैसे उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान तुक्कुगुडा में घोषणापत्र लॉन्च किया था। साथ ही, जैसे कि तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद सभी वादे पूरे कर दिए गए थे।

# 32 किलो गांजे के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** साइबराबाद स्पेशल ऑपरेशंस टीम ने रविवार को गांजा की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ा और उसके पास से 32 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया।

डीसीपी एसओटी डी श्रीनिवास ने जानकारी देते हुए बताया कि संगारेड्डी जिले का रहने वाला व्यक्ति बी लक्ष्मण (28) गांजा ले जा रहा था, तभी एसओटी टीम ने उसे आउटर रिंग रोड कोल्लुरु में पकड़ लिया। लक्ष्मण ने ग्राहकों को गांजा बेचने और मोटी रकम कमाने की योजना बनाई। सूचना पर, उसे कोल्लुरु में पकड़ लिया गया।



पुलिस उस व्यक्ति का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है जिससे लक्ष्मण ने गांजा खरीदा था।

# अग्रवाल समाज अत्तापुर शाखा की वार्षिक साधारण सभा 21 को

**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज अत्तापुर शाखा की सभा बुलाई गई। शाखा मंत्री अशोक जालान के अनुसार शाखा के अध्यक्ष बदरी प्रसाद सरायवाला की उपस्थिति में सबसे पहले महाराजा श्रीअग्रेसन जी भगवान की पूजा अर्चना की गई उसके पश्चात शाखा द्वारा सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने सुझाव दिया की आगामी रविवार 21 अप्रैल सुबह 11 बजे शाखा की वार्षिक साधरण सभा तेजिस्विनी नगर कॉलोनी स्थित टैनी स्टेप्स स्कूल में रखी जाएगी। कृपया शाखा के सभी सदस्यों से निवेदन है कि सभा में समय पर उपस्थित रह कर अपने सुझाव दे।



इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए और भी एक निर्णय लिया गया कि आगामी रविवार 28 अप्रेल को अत्तापुर स्थित पर्ल काउंटी के क्लब हाउस मे अग्रवाल समाज अत्तापुर शाखा और मां दुर्गा कृपा संस्थान चेरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से रक्त दान शिविर का आयोजन रखा जाएगा। अयोजन के संयोजक मनीष अग्रवाल ने सभी सदस्यों से निवेदन किया है कि शिविर में पधार कर तन मन से सेवा दे और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

शाखा के कोषाध्यक्ष संजय कुमार भालवाले ने सभी सदस्यों से निवेदन किया है कि अपना वार्षिक शुल्क जमा कराए और जोभी सदस्यों के पास समाज का प्रिविलेज कार्ड नहीं है कृपया फार्म भर कर शुल्क और फार्म,संजय भालवाले,या मनीष अग्रवाल के पास जमा करा सकते है। सभा में उपस्थित सर्व प्रथम शाखा अध्यक्ष बदरी प्रसाद सरायवाला, पुर्व अध्यक्ष रामअवतार गुप्ता, परामर्शदाता सत्यनारायण फोगला, मनीष अग्रवाल, मंत्री अशोक जालान, कोषाध्यक्ष संजय कुमार भालवाले, केन्द्रीय समिति सदस्य हनुमान दास भालवाले, श्याम अग्रवाल, अंकुर बंसल, अभिषेक अग्रवाल, गोविंदराज अग्रवाल, हर्ष पित्ती व अन्य उपस्थित थे।

## बीकानेर डिस्ट्रिक्ट जैन एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बेगमपेट में श्री बीकानेर डिस्ट्रिक्ट जैन एसोसिएशन की कार्यकर्ता बैठक हुई। जिसमें अगामी कार्यक्रम सावन की सैर 2024 की कार्यक्रम रूप रेखा तय हुई तथा कार्यकारिणी सदस्यो को अपने-अपने कार्य दयित्व सोंपे गए। इसी क्रम में कार्यक्रम का स्थान भी तय किया गया जो कि चेवेला के निकट रिसोर्ट कुमेरा गांव सुनिश्चित किया गया। रिसोर्ट पूर्णतया राजस्थानी कालकृति से सुसज्जित है जो की आने वाले अतिथियों को राजस्थानी परिवेश का अहसास दिलाता है।

बैठक अध्यक्ष प्रदीप गोलछा के तत्वावधान में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष नवरतन मेहनोत, उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक राजेंदर बोथरा, मंत्री पारस सुराणा, पूर्व मंत्री महेंद्र बुच्चा, संगठन मंत्री मनीष बैद, कोषाध्यक्ष मनीष बुच्चा तथा कार्यकारिणी सदस्य अनिल डागा, पंकज सिरोहिया, धीरज सांड, जय प्रकाश बोरड़ उपस्थित रहे।



**माथुर वैश्य समाज सोसाइटी द्वारा माता की तैयारियां पर चर्चा हुई और भजन गाए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष सपना गुप्ता, मंत्री रिंकल गुप्ता, सोनिया, मंजू, पूनम, शेफाली, अनु, संध्या, कमलेश, उर्मिला व अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।**

# श्याम की दिवानी मंडल का गणगौर महोत्सव सम्पन्न





**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्याम की दिवानी मंडल द्वारा बहादुरपुरा स्थित देवी फंक्शन हॉल में राजस्थानी संस्कृति एवं परम्परा का लोकप्रिय उत्सव गणगौर महोत्सव आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना से हुआ। इस अवसर पर समाज सेवी, अधिवक्ता एवं आदि गौड़ विप्र समाज के अध्यक्ष श्रीकिशन शर्मा, वेस्ट जोन पीस कमेटी की अध्यक्षा तेजू कुमारी ने सभा को संबोधित किया एवं सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि राजस्थानी महिलाएं समाज को जो बढावा दिया उससे आने वाली पीढी का मार्गदर्शन कर रही हैं।

इस अवसर पर तम्बोला, बच्चों के लिए नृत्य के साथ-साथ राजस्थानी गीत, शिव तांडव, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैम्प वॉक आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें महिलाओं ने बढ-चढकर भाग लिया। महोत्सव का विशेष आकर्शण महिलाओं द्वारा लाई गई गौरा जी की सुंदर प्रतिमा थी। जिसने सभी का मन मोह लिया। श्रीकिशन शर्मा, तेजू कुमारी ने विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किये। दोनों अतिथियों का स्वागत महिला मंडल ने किया। कार्यक्रम में गीता पंचारिा, इंदिरा शमा, पद्मा बजाज, सरिता दरक, आराधना करवा एवं अन्य भी मौजूद रहीं।

# राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के बेटे को चेन्नई कस्टम का समन

## करोड़ों की घड़ियों की तस्करी का आरोप





**हैदराबाद/नई दिल्ली, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** चेन्नई कस्टम ने तेलंगाना के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के बेटे पोंगुलेटी हर्षा रेड्डी को समन जारी किया है। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, उनपर कई करोड़ों की घड़ियों की तस्करी में शामिल होने का आरोप है। रेड्डी को चार अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने बताया कि वह फिलहाल डेंगु के बुखार से पीड़ित है, जिस वजह से पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हो पाएंगे। हालांकि, वह 27 अप्रैल के बाद विभाग के समक्ष उपस्थित होने के लिए सहमत हुए हैं। मीडिया से बात करते हुए रेड्डी ने बताया कि उनका इस केस से कोई लेना-देना नहीं है। तेलंगाना के राजस्व और आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के बेटे ने कहा, यह मामला आधारहीन है। मेरी तबीयत फिलहाल ठीक नहीं है।


28 मार्च को हैदराबाद में एक परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी को समन भेजा गया था। बता दें कि इस कंपनी के निदेशक हर्षा रेड्डी है। पांच फरवरी को तस्करी का मामला दर्ज किया गया था, जब हांगकांग स्थित भारतीय मुहम्मद फहरदीन मुबीन के पास से चेन्नई में दो लक्जरी घड़ियां (पाटेक फिलिप 5740 और ब्रेगुएट 2759) जब्त की गई थी। घड़ियों की असली कीमत 1.73 करोड़ रुपये है। पाटेक फिलिक का भारत में कोई डीलर नहीं है, जबकि भारतीय मार्केट में ब्रेगुएट का स्टॉक खत्म हो गया है।

जांच के अनुसार, हर्षा रेड्डी ने आलोकम नवीन कुमार के जरिए मुबीन से घड़ियां खरीदी थी। नवीन कुमार से 12 मार्च को पूछताछ की गई थी। नवीन ने बताया कि वह केवल मुबीन और हर्षा के बीच मध्यस्थ का काम कर रहा था। पूछताछ के बाद कस्टम ने दावा किया कि लेनदेन का भुगतान हवाला मार्ग, क्रिप्टोकरेंसी और नकद के जरिए किया गया है। हालांकि, हर्षा ने इन दावों को खारिज कर दिया था। इसी के साथ वह 27 अप्रैल को विभाग के समझ पेश होने के लिए राजी हुए हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने एक अप्रैल को सीमा शुल्क विभाग को हर्षा रेड्डी की जांच करने और आलोकम नवीन कुमार को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था।

# कुमावत समाज मनीकौंण्डा नार्सिगी की नई कार्यकारणी गठित

**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमावत समाज मनीकौंण्डा नार्सिगी की नई कार्यकारणी गठित की गई। जिसमें अध्यक्ष धर्मीचंद दुबलदिया, उपाध्यक्ष रमेश पिपाडा, सह उपाध्यक्ष दिनेश हाड़ीवाल, सचिव राकेश भोपा, सह सचिव अशोक मानणिया, कोषाध्यक्ष जगदीश चांदोरा, सह कोषाध्यक्ष दिनेश भोमावत, संगठन मंत्री छोटू दांतलेचा, सह संगठन मंत्री दुर्गाराम हांगर, युवा खेलमंत्री जगदीश दांतलेचा,राकेश ईटाडा,पूसाराम लारना को बनाया गया। इस प्रोग्राम में भाग लेते हुए तेलंगाना जाट समाज एकता मंच प्रदेश अध्यक्ष धर्माराम ढाका, तेलंगाना कुमावत समाज के एकता मंच के उपाध्यक्ष नारायण लाल गोडावड, पूर्व अध्यक्ष माणकचंद मोठावत, पूर्व अध्यक्ष अमरचंद मानणिया, तेजाराम घोड़ावड, मोहनलाल घोड़ावड, सुखराम चांदोरा, अमराराम बालुनदिया,

मल्ला राम रेनवाल, पांचाराम रोटागण, श्रवण रेनवाल, शैतान राम, मंगलाराम लारना, शेषाराम दुबलदिया, बंसीलाल मोटावत, कुमावत समाज के सदस्यगण तथा कमेटी को धन्यवाद देते हुए समाजसेवी धर्माराम ढाका।



# छांछ वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री जयमल जैन स्वाध्याय ज्ञान केंद्र के तत्वाधान में 1008 आचार्य देव पार्षवचंद्र जी महाराज साहब के 75वें जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में छाछ वितरण का कार्यक्रम कल्पतरु ज्वेलर्स के समीप रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे श्री जयमल जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष पारसमल राका रहे। यवतमाल निवासी स्वर्गीय डॉक्टर सुरेखा जैन बरलोटा की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वर्गीया के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नवकार महामंत्र का जाप किया गया एवं चमत्कारी जाप सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अभय कुमार मुथा ने किया। कार्यअध्यक्ष अनिल गोलछा, उपाध्यक्ष दिलीप मखाना, मानद मंत्री मनोज सुराणा, सह मंत्री शेखर सुराणा, वरिष्ठ सदस्य भोपाल बेताला, प्रसंनराज, राज कोचर, भारत मेहता, राजेंद्र समदरिया एवं गणमान्य उपस्थित थे।





अग्रसेन बायोडाटा कमेटी की बैठक संस्था के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद बंसलजी की अध्यक्षता में उनके प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। इस अवसर पर दुर्गा प्रसाद बंसल, पंकज संघी, रवि अग्रवाल, शिवराज अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मनोज,आलोक अग्रवाल, निर्मला गोयल, संगीता गोयल, संतोष देवी बंसल आदि ने भाग लिया।



श्री जिन दत्त श्री दादावाड़ी मंदिर ट्रस्ट के दान दाताओ के सौजन्य से 11 ऊंटो को राजस्थान भेजे जाने के लिए आर्थिक अनुदान दिया गया। रविवार प्रात: मिनिस्टर रोड से परम पूज्य मुनिराज सुंदर विजय जी की निश्रा में इन ऊंटो को राजस्थान भेजा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथी गीरीश भाइ शाह, समस्त महाजन के नेता जैन रत्न जसराज श्रीमाल, जैन रत्न मानिकचंद समदरीया, सुरेंद्र भंडारी, रीद्धश जागीरदार, दीनेश आचलिया, महीप जैन, सुधर्म भण्डारी, सीद्धं भण्डारी।

# विश्वेश्वर रेड्डी की जनसभा में गूंजे भारत माता की जय के नारे



**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चेवेल्ला लोकसभा क्षेत्र के फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट में रविवार को भाजपा के प्रत्याशी विश्वेश्वर रेड्डी की जनसभा आयोजित की गई। इस सभा में उनकी पत्नी संगीता रेड्डी व उनकी बहन अनिता ने सभी से राष्ट्रहित में वोट करने की अपील की। इस जनसभा में राजनीतिक नारों की जगह केवल वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंज उठा।

इसमें संगीता रेड्डी, अनीता रेड्डी , रघूमा रेड्डी, मूर्ति जी, कल्याण, गौरव गुप्ता, शालू व अन्य उपस्थित थे।

## जबलपुर में पीएम मोदी के रोड शो में मंच टूटा, सात लोग घायल

**जबलपुर, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी राजनीतिक पार्टियां अपने प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार में जुटी हैं। इसी सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जबलपुर में रोड शो किया। इस दौरान गोरखपुर क्षेत्र में बनाए गए दो मंच टूट गए, जिससे मंच पर मौजूद लोग नीचे गिर पड़े। इस हादसे में सात लोग घायल हो गए। घायलों में एक बच्ची, एक पुलिसकर्मी सहित चार लोगों को फ्रैक्चर आया है, जबकि तीन महिलाओं को मामूली चोट आई है। दरअसल, पीएम मोदी की झलक पाने के लिए क्षमता से ज्यादा लोग मंच पर चढ़ गए थे। हालांकि पुलिस उन्हें समझाने में लगी थी, लेकिन लोग जबरदस्ती मंच पर चढ़ते रहे और उसके बाद यह हादसा हो गया।

जानकारी के मुताबिक, देश के प्रधानमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक नरेंद्र मोदी ने जबलपुर में रोड-शो कर मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार की शुरुआत की। प्रधानमंत्री मोदी के रोड-शो के दौरान सड़क पर पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों का जन सैलाब उमड़ आया। इस दौरान पीएम मोदी और पार्टी के फोटो बैनर थामे लोग 'अब की बार 400 के पार' तथा 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे थे। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन कर रहे थे। रोड शो के जरिए भाजपा ने जनता के बीच पार्टी की मजबूत पकड़ के संदेश और कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का संचार किया।

# शिलांग में कांग्रेस के सामने गढ़ बचाने की चुनौती, तुरा में तीन संगमाओं में जंग





**शिलांग, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** पूर्वोत्तर के राज्य मेघालय में लोकसभा की दो सीटें (शिलांग और तुरा) हैं। मेघालय की दोनों ही सीटें कांग्रेस की परंपरागत सीट रही हैं। तुरा सीट की बात करें तो चाहे कांग्रेस के समय में हो या फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस के गठन के बाद। यह सीट संगमा परिवार के पास ही रही। यहां से लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष पीए संगमा सांसद रहे हैं। अब इस सीट पर नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की अगाथा संगमा सांसद हैं। इस बार मेघालय लोकसभा चुनाव की सबसे खासियत बात यह है कि एनपीपी ने दोनों ही जगह से महिला उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इन दोनों लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है।

मेघालय की दूसरी सीट है, शिलांग। यह सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है। शिलॉन्ग सीट कांग्रेस का गढ़ रहा है। 1998 से कांग्रेस ने यहां पर कभी हार का सामना नहीं किया है। फिलहाल यहां से कांग्रेस के विंसेंट पाला सांसद हैं। ये दोनों ही सीटें आरक्षित हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार भाजपा ने मेघालय में अपने प्रत्याशी नहीं उतारे हैं। भाजपा ने दोनों ही सीटों पर एनडीए गठबंधन के सहयोगी एनपीपी को दे दी है।


शिलांग सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है। यहां पर कांग्रेस का ही सांसद रहा है। 1998 से कांग्रेस इस सीट पर कभी हारी नहीं है। 2009, 2014 और 2019 से यहां से कांग्रेस के विंसेंट पाला सांसद हैं। पिछले तीन बार से लगातार शिलांग सीट से सांसद रहे विंसेंट पाला को चुनौती देने के लिए इस बार एनपीपी ने मेघालय सरकार में कैबिनेट मंत्री अम्पारीन लिंग्दोह को मैदान में उतारा है। उल्लेखनीय है कि लिंग्दोह के स्व. पिता पीटर जी मार्बानियांग 1989 से 1996 तक लोकसभा सांसद रहे हैं। इस बार पाला और लिंग्दोह में कड़ी टक्कर की देखी जा रही है। देखना यह होगा कि पाला अपना गढ़ बचा पाते हैं या फिर लिंग्दोह पहली बार लोकसभा की दहलीज पर कदम रखेंगी।

इस बार तुरा में तीन संगमाओं में रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा। यहां से वर्तमान में एनपीपी की अगाथा संगमा सांसद हैं। अगाथा संगमा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पीए संगमा की बेटी और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की बहन हैं। 1991 से तुरा लोकसभा क्षेत्र पर संगमा परिवार का कब्जा रहा है। टीएमसी ने मेघालय के पूर्व सीएम मुकुल संगमा के भाई जेनिथ संगमा को मैदान में उतारा है। कांग्रेस के कैंडिडेट सालेंग ए संगमा ने तुरा से ताल ठोक रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि इस बार जनता किस संगमा को लोकसभा पहुंचाएगी।

# अत्तापुर में शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन



**हैदराबाद, 07 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अत्तापुर के 143 पिलर के पास एवं गोल्डन पैलेस होटल के अपोजिट रामफल फ्रेंड्स वॉकर्स संगठन की ओर से रविवार को अत्तापुर के बीआरएस प्रेसिडेंट वनम श्री राम रेड्डी के मुख्य आतिथ्य में शीतल जल प्याऊ का फीताकाट कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वनम श्री राम रेड्डी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत भी किया गया। मौके पर फ्रेंड्स संगठन के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।




# मौसम के पूर्वानुमान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हो रहा इस्तेमाल : महापात्रा

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल (एजेंसियां)।** मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि मौसम के बेहतर पूर्वानुमान के लिए देश के वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। महापात्रा ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में उभरती हुई प्रौद्योगिकियां संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल की पूरक होंगी, जिनका वर्तमान में मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए उपयोग किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि मौसम विभाग पंचायत स्तर या 10 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में तेजी से मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए अवलोकन प्रणालियों को बढ़ा रहा है।

उन्होंने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 39 डॉपलर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है जो देश के 85 प्रतिशत भूभाग को कवर करता है और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है। उन्होंने कहा कि आईएमडी ने वर्ष 1901 से देश के मौसम रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया है और मौसम के बारे में जानकारी जुटाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जा सकता है।

महापात्रा ने आगे कहा, हमने कृत्रिम मेधा का उपयोग सीमित तरीके से करना शुरू कर दिया है, लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीकों में काफी सुधार करेगा। आईएमडी के महानिदेशक ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और आईएमडी में विशेषज्ञ समूहों का गठन किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और



संख्यात्मक पूर्वानुमान मॉडल दोनों पूर्वानुमान सटीकता में सुधार के लिए एक दूसरे के पूरक होंगे। दोनों साथ-साथ काम करेंगे और दूसरे की जगह कोई नहीं ले सकता।

स्थानीय पूर्वानुमानों की आवश्यकता पर महापात्रा ने कहा, हमारा लक्ष्य पंचायत या गांव स्तर पर पूर्वानुमान देना है। कृषि, स्वास्थ्य, शहरी नियोजन, जल विज्ञान और पर्यावरण में क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए मौसम की जानकारी तैयार करना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग पद्धति के माध्यम से न केवल मौसम परिस्थितियों, भूस्खलन, ग्लेशियर के टूटने जैसी स्थितियों का बेहतर पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा, बल्कि ऊर्जा उत्पादन, परिवहन बाधा, कृषि प्रभावोत्पादकता, आपूर्ति श्रृंखला प्रभाव आदि के बारे में सटीक आकलन करने में मदद मिलेगी। इससे आंधी, तूफान, बिजली कड़कने, धूल भरी आंधी, चक्रवात का बेहतर आकलन करके कम समय में जानकारी मुहैया कराई जा सकेगी, जिससे जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकेगा।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, VENKATALAKSHMI, is legally wedded spouse of No- JC- 775444X, Rank - SUB, Name - A ESWARA RAO CHOWDUVADA, residing at H.No-2-16-8, Vill- K M Palem, PO - A Kothapalli, Tehsil- Devarapalli, Dist- Visakhapatnam, Andhra Pradesh, PIN-531022. I have to change my Name from **VENKATALAKSHMI** to **CHOWDUVADA VENKATA LAKSHMI** for all purpose vide affidavit dated: 06/04/2024.

**CHANGE OF NAME**

I, MEERA GAIN W/o. MANDAL CHIRANJIT., resident of Address Nazrulnagar,Village no-12, Mandal Kaghaznagar Dist: Kumarambheem Asifabad, have changed my name from **MEERA GAIN** (Existing Name of spouse as per change of Next of Kin Record/Service Documents) to **MEERA MANDAL** proposed/adopted. ( New Name) vide Affidavit dated 30.03.1999.before Junior Civil court Godhavarikhani.

